# झारखण्ड विधान सभा

# दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | द्वितीय सत्र(बजट)
संख्या-05 | सोमवार, दिनांक-09 मार्च, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.45 बजे अप० तक।

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

**(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी ने उनके दल के माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी द्वारा सदन के बाहर धरने पर बैठे जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया। आसन द्वारा माननीय संसदीय कार्य मंत्री एवं माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी को ससम्मान सदन में लाये जाने हेतु आग्रह किया गया।)**

## 1.प्रश्न काल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

### (क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-07

**(i) उत्तरित कुल-02**- अ० सू०-44, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०,

(माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने जम्मू-कश्मीर में जेलों से पाकिस्तान परस्त आतंकियों की रिहाई के विरूद्ध सदन में निन्दा प्रस्ताव लाये जाने की माँग की।)

अ० सू०-45, श्री जय प्रकाश वर्मा, स० वि० स०।

(माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी द्वारा बाराहचट्टी थाना द्वारा अवैध तरीके से गाड़ी संख्या-JH-05 AJ 6421 जब्त किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया।)

**(ii) अनागत कुल-05**- अ० सू०-46 से 50 तक।

### (ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-52

**(i) उत्तरित कुल-05**-तारांकित-22, श्री कमल किशोर भगत, स० वि० स०,

(माननीय सदस्य, श्री कमल किशोर भगत द्वारा पूछे गये उक्त तारांकित प्रश्न के आलोक में माननीय सदस्य, सर्वश्री बिरंची नारायण, योगेश्वर महतो, जानकी प्रसाद यादव, योगेन्द्र प्रसाद एवं श्री राज सिन्हा द्वारा पूरे झारखण्ड राज्य में पर्यटन स्थलों के निमित्त सर्वे कराने की माँग की गयी तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री, पर्यटन द्वारा इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की गयी।)

तारांकित-25, श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता, स० वि० स०,
तारांकित-28, श्री बादल, स० वि० स०,
तारांकित-29, डॉ० जीतू चरण राम, स० वि० स०,
तारांकित-30, श्री योगेश्वर महतो, स० वि० स०।

क- माननीय सदस्य, श्री योगेश्वर महतो द्वारा पूछे गये उक्त तारांकित प्रश्न के आलोक में आसन द्वारा घोषणा की गयी कि राज्य में स्थानीयता की नीति पर किसी दिन चलते सत्र में अलग से विशेष वाद-विवाद कराया जायेगा।

क्र० पृ० उ०

ख- गत दिनों धनबाद मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों द्वारा किये गये हड़ताल के कारण तथा कोडरमा सरकारी अस्पताल के एम्बुलेंस में पेट्रोल नहीं होने के कारण मरीजों की हुई मौत का मामला माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा उठाया गया और पीड़ित परिवारों को दस-दस लाख रुपये मुआवजा दिये जाने की माँग की गयी। माननीय मुख्यमंत्री ने भी मामले को दुःखद एवं गम्भीर बताया। आसन द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री को जाँच कराकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने एवं चलते सत्र में प्रतिवेदन सदन में रखे जाने हेतु निदेश दिया गया।

**(ii) अपृष्ठ कुल-02**-तारांकित-23, श्री भानु प्रताप शाही, स० वि० स०,
तारांकित-27, श्री ढुलू महतो, स० वि० स०।

**(iii) स्थगित कुल-02**-तारांकित-24, श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०,
तारांकित-26, श्री योगेन्द्र प्रसाद, स० वि० स०।

**(iv) अनागत कुल-43**-तारांकित-31 से 73 तक।

## 2. मुख्यमंत्री प्रश्न कालः-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम- 52 के प्रावधान के तहत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा उनके नाम के सामने उल्लिखित विषयों से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये जिनके उत्तर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये-

| माननीय सदस्य का नाम | संक्षिप्त विषय |
|---|---|
| 1. श्री अनन्त कुमार ओझा, | राज्य में सर्वे कराकर आवासीय प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना। |
| 2. श्री ईरफान अंसारी, | राज्य में एकल महिलाओं को सुरक्षा एवं सुविधायें प्रदान करना। |
| 3. श्री नवीन जयसवाल, | रसोईयों एवं सेविकाओं का मानदेय बढ़ाने एवं अन्य सुविधायें दिये जाने के सम्बन्ध में। |
| 4. श्री बिरंची नारायण, | अनियमित रूप से बसे हुए बस्तियों को मूलभूत सुविधायें प्रदान करना। |
| 5. श्री प्रदीप यादव, | चुटिया(राँची) थाना काण्ड संख्या-29/15, दिनांक-06.02.15 के अभियुक्तों को गिरफ्तार करना। |
| 6. श्री अरुप चटर्जी, | राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू करना। |
| 7. श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, | सरकारी महिला कर्मियों को 730 दिनों का अवकाश स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 8. श्रीमती बिमला प्रधान, | वही |
| 9. श्री आलमगीर आलम, | राज्य में कृषि नीति लागू करना। |
| 10. श्री राधाकृष्ण किशोर, | पथ परिवहन निगम की स्थापना किया जाना। |
| 11. श्री रवीन्द्र नाथ महतो, | जामताड़ा जिले में बन्द कारखानों को चालू किया जाना। |
| 12. श्रीमती गंगोत्री कुजूर, | राज्य की मेडिकल कॉलेजों की खामियों को दूर कर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना। |

समयाभाव के कारण शेष प्रश्नों का उत्तर प्रश्नकर्त्ता माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराये जाने की घोषणा आसन से की गयी।

## 3.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयीं-

श्री जगरनाथ महतो,
श्री दशरथ गागराई,
श्री आलमगीर आलम,
श्री बादल,
श्री कमल किशोर भगत,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री रवीन्द्र नाथ महतो,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री प्रदीप यादव,
श्री राधाकृष्ण किशोर,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्री निर्भय कुमार शाहाबादी।

आसन द्वारा माननीय संसदीय कार्य मंत्री को शून्यकाल की सूचनाओं को संज्ञान में लेकर कार्रवाई किये जाने हेतु निदेश दिया गया जिसे उनके द्वारा संज्ञान में लिया गया।

## 4. ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य:-

i- श्री अमित कुमार, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया,

ii- श्री अमित कुमार, स०वि०स० के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पर वन एवं पर्यावरण विभाग से उत्तर प्राप्त नहीं होने के कारण इसे स्थगित किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

क. श्री सुखदेव भगत, प्रदेश अध्यक्ष, झारखण्ड प्रदेश काँग्रेस पार्टी द्वारा चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय सत्र में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के माननीय सदस्यों को व्हिप जारी करने के लिए श्री आलमगीर आलग, नेता, काँग्रेस विधायक दल, को प्राधिकृत करने सम्बन्धी सूचना आसन द्वारा सदन को दी गयी,

ख. श्री बाबूलाल मराण्डी, केन्द्रीय अध्यक्ष, झारखण्ड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) की अनुशंसा के आलोक में झारखण्ड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) के श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० को विधायक दल का नेता एवं श्री प्रकाश राम, स० वि० स० को विधायक दल के सचेतक के रूप में मान्यता प्रदान करने सम्बन्धी घोषणा आसन द्वारा की गयी।

ग. माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी ने एन.एच. 33 एवं एन.एच. 6 की जर्जर अवस्था की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया तथा अपनी भावनाओं को सदन के समक्ष रखा।

## 5.वित्तीय कार्य:-

वित्तीय वर्ष-2015-16 के आय-व्ययक पर माननीय सदस्य, श्री बादल द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

क्र॰पृ॰उ॰

(इस अवसर पर माननीय सभापति, श्री राधाकृष्ण किशोर ने आसन ग्रहण किया)

श्री निर्भय कुमार शाहाबादी,

श्री कुणाल षडंगी

श्री अनन्त कुमार ओझा,

श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता,

श्री योगेश्वर महतो,

श्री अरुप चटर्जी,

श्री शिवशंकर उरांव,

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

श्री हेमन्त सोरेन, माननीय नेता प्रतिपक्ष,

(इस अवसर पर सभा की सहमति से सरकार के उत्तर होने तक आसन द्वारा सदन का समय विस्तारित किया गया।)

सरकारी उत्तर के क्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एवं झारखण्ड विकास मोर्चा के माननीय सदस्यों द्वारा सदन का बहिष्कार किया गया।

## 6.शोक प्रकाश:-

वर्त्तमान सत्र के आरम्भ से लेकर अब तक कतिपय महत्त्वपूर्ण विभूति हमारे बीच नहीं रहे जिसमें एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रामसुन्दर दास, केरल विधान सभा के अध्यक्ष, जी. कार्त्तिकेयन, पत्रकार विनोद मेहता एवं समाजसेवी कृष्णा यादव प्रमुख हैं। इन दिवंगत आत्माओं की चिर शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इसके उपरांत सभा की कार्यवाही दिनांक- 10 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,

दिनांक- 09 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,

प्रभारी सचिव,

झारखण्ड विधान सभा।